फा.सं.25-I(08)/2022-एएचडी/एआर

भारत सरकार

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

********

**मार्च, 2022माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां।**

**1. गोपशु और डेयरी विकास:**

i. एनपीडीडी के तहत, 109.17 करोड़ रुपये (76.60 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा) के कुल परिव्यय के साथ 4 परियोजनाओं (3 केरल तथा 1 पंजाब में) को 199 बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) की स्थापना के लिए, प्राथमिक स्तर की डेयरी सहकारी समितियों में 1115 स्वचालित दूध संग्रह इकाइयों (एएमसीयू) की स्थापना, 488 डाटा प्रसंस्करण दूध संग्रह इकाई (डीपीएमसीयू), 143 इलेक्ट्रॉनिक दूध मिलावट परीक्षण मशीनों (ईएमएडी) की स्थापना, डेयरी संयंत्र प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ीकृत करना और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी नेटवर्क के सहायता हेतु मार्च 2022 के महीने में परियोजना मंजूरी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है।

ii. दिनांक 25.03.2022 को वित्तीय सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें दिनांक 18.04.2022 से अगले तीन महीनों के लिए राष्ट्रव्यापी केसीसी अभियान फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

**2. पशुधन स्वास्थ्य:**

i. आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश राज्य और जम्मू और कश्मीरसंघ राज्य क्षेत्र में ग्लैंडर्स की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने बीमारी के और आगे फैलने से रोकने के लिए राज्य को ज़ू-स्वच्छता उपायों को अपनाने, संक्रमित क्षेत्र से घोडों की आवाजाही की निगरानी करने /प्रतिबंधित करने के लिए सूचित किया।

ii. विभाग ने दिनांक 28-29 मार्च, 2022 (वर्चुअल रूप से) को आयोजित एससीओ सदस्य राज्यों के कृषि पर स्थायी विशेषज्ञ कार्य समूह (पीईडब्ल्यूजी) हेतु अधिकारियों को नामित किया।

iii. सिक्किम राज्य में पोर्सिन रिप्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (पीआरआरएस) के प्रकोप की सूचना मिलने पर, विभाग ने बीमारी के और आगे फैलने से रोकने के लिए निवारक और ज़ू-स्वच्छता उपायों को अपनाने की सलाह के साथ राज्य हेतु परामर्शी जारी की है।

iv. विभाग ने वन हेल्थ, जूनोटिक डिजीज, एएमआर पर दिनांक 8 से 11 मार्च, 2022 तक ढाका, बांग्लादेश में आयोजित एशिया और प्रशांत के लिए एफएओ क्षेत्रीय सम्मेलन के 36 वें सत्र के लिए अधिकारी नामित किया।

v. विभाग ने वन हेल्थ, एएमआर और पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पीपीआर) से संबंधित दिनांक16-18 मार्च 2022 तक आयोजित एफएओ केकृषि उप-समिति (सीओएजी) के प्रथम सत्र के लिए अधिकारियों को नामित किया।

vi. विभाग ने दिनांक 23 से 25 मार्च, 2022 के दौरान एफएओ द्वारा आयोजित एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध–2022-2025 (पशुधन क्षेत्र) पर हुई राष्ट्रीय कार्य योजना पर राष्ट्रीय विशेषज्ञों के परामर्शहेतु अधिकारियों को नामित किया।

vii. मार्च 2022 के महीने के दौरान, लगभग 0.36 करोड़ पशुओं को इयर टैग किया गया और लगभग 0.71 करोड़ पशुओं को एफएमडी के खिलाफ टीका लगाया गया।ब्रुसेला के खिलाफ टीकाकरण भी शुरू कर दिया गया है और अब तक 13.05 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

**3. <u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम)</u>:**

i. राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत वर्ष 2022 के मार्चमाह के दौरान उद्यमिता विकास, अनुसंधान प्रस्तावों और चारा विकास के लिए 77 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

ii. पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत वर्ष 2021-22 के दौरान ब्याज सबवेंशन और अन्य मदों के तहत 113.13 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

**4. <u>क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी) :</u>**

डीएवाई–एनआरएलएम, डीआरडी विभाग द्वारा विकसित पशु सखी के प्रशिक्षण मॉड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए डीआरडी विभाग और डीएएचडी के सदस्यों वाली तकनीकी समिति की बैठक दिनांक 16 और 30 मार्च, 2022 को आयोजित की गई थी।

**5. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी):**

i. श्री जैक्स त्शिलोम्बो कम्बाला, मानसिकता परिवर्तन के उप समन्वयक, राष्ट्रपति के सलाहकार (राष्ट्रपति के पहले चचेरे भाई) के नेतृत्व में कांगो के प्रतिनिधिमंडल तथा माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रीकी पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच संभावित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा के लिएदिनांक 25.03.2022 को बैठक आयोजित की गई थी।माननीय एफएएचडी मंत्री ने इन क्षेत्रों में भारत की विशेषज्ञता के बारे में बताया और इन क्षेत्रों में कांगो के अधिकारियों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए भारतीय समर्थन की पेशकश की। साथ ही, भारतीय पक्ष ने कांगो को पशुधन और डेयरी उत्पादों के निर्यात की मात्रा बढ़ाने में रुचि व्यक्त की।

ii. कतर और ओमान में सड़क पर चलने वाली दुकानों का आयोजन करके व्यापार और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने और भारतीय पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में निर्यात के मौजूदा पदचिह्न का विस्तार करने के लिए दिनांक 9.3.2022 को सचिव (एएचडी) और कतर में भारतीय राजदूत के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

iii. संयुक्त सचिव, आईसी और व्यापार तथा भारत में चिली के राजदूत महामहिम श्री जुआन अंगुलो एम के बीच दोनों देशों से संबंधित बाजार पहुंच के मुद्दों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए दिनांक 02.03.2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें भारतीय पक्ष नेचिली को हिमित भैंस के मांस तथा डेयरी उत्पादों की बाजार पहुंच को मंजूरी दी जबकि चिली पक्ष ने भारत में सुअर और सुअरउत्पादों की बाजार पहुंच का मुद्दा उठाया।

iv. संयुक्त सचिव, आईसी और व्यापार तथा श्री मिचिएल वैन एर्केल, कृषि परामर्शदाता, नीदरलैंड दूतावास, के नेतृत्व में नीदरलैंड के प्रतिनिधिमंडल के बीच दिनांक 25.03.2022 कोआशय की संयुक्त घोषणा पत्र (जेडीआई) पर चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी, जिस पर पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) और कृषि, प्रकृति और खाद्य गुणवत्ता मंत्रालय तथानीदरलैंड राज्य सरकार के बीच हस्ताक्षर किए जाने का प्रस्ताव था।

**6. बजट :**

वर्ष 2021-22 के लिए, मार्च, 2022 तक, 3027.09 करोड़ रुपये के अंतिम बजट अनुदान के मुकाबले, व्यय 3008.67 करोड़ रुपये था।

**7. सोशल मीडिया क्रियाकलापः**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 64,438 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 191रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 200 ट्वीट, 933 री-ट्वीट किए गए, 16 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,27,437 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू एकाउंट पर 43,000 फॉलोवर्स हैं। मार्च, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 580 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 490 फॉलोवर्स हैं।

******